18-10-18 पत्रावली पेश हुई। आज चार सप्ताह में छाया स्थगित रखने का निर्णय लिया है। पीठासीन अधिकारी अन्य प्रशासनिक कार्य में व्यस्त है। अतः पत्रावली एवं नोटिस दिनांक 3-12-18 को पेश हो।

3-12-18 वकील वादी उपस्थित प्रतिवादी संख्या 2 व 3 के अभिवक्ता द्वारा जवाब पेश करने बाबत समय चाहा शेष प्रतिवादीगण के सम्मन तलबी होकर प्राप्त नहीं हुए पत्रावली वास्ते इन्तजार तलबी दिनांक 3-1-19 को पेश हो।

3-1-19 वकील उभयपक्ष उपस्थित प्रतिवादीगण के सम्मन तलबी होकर प्राप्त नहीं होने के कारण वकील वादी को हिदायत दी गई कि शेष प्रतिवादीगण की तलबी हेतु पुनः सम्मन तलबाना पेश करें पेश होने पर जारी होकर रजिस्टर्ड जारी होकर पत्रावली वास्ते तलबी दिनांक 1-2-19 को पेश हो।

1-2-19 वकील वादी उपस्थित नहीं वकील वादी को बार-2 आवाज लगवाने पर भी वादी वकील उपस्थित नहीं आये पत्रावली का अवलोकन किया गया वकील वादी द्वारा प्रतिवादीगण की तलबी हेतु सम्मन भी पेश नहीं किये। अतः पत्रावली वर्तमान स्तर पर अदम पैरवी / अदम हाजरी / अदम तकमील खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(सौरभ स्वामी)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर